# जापान के निवेशकों को यूपी ने दिया निमंत्रण

## मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार केवी राजू ने कहा, प्रदेश बन रहा आर्थिक पावरहाउस

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। जापान में टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में एक वर्चुअल संवाद में भारत और जापान के बीच बढ़ती साझेदारी पर बात हुई। उत्तर प्रदेश की ओर से मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार केवी राजू ने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए राज्य की प्रगति पेश की। उन्होंने 'गंतव्य उत्तर प्रदेश' पर बताया कि उत्तरप्रदेश एक आर्थिक पावरहाउस के रूप में उभर रहा है, जो भारत की जीडीपी में 9.2 फीसदी का योगदान दे रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश 14 फीसदी की दर से आर्थिक वृद्धि कर रहा है। बताया कि चार परिचालित और एक प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे वाला उत्तर प्रदेश एक आकर्षक निवेश गंतव्य बना है। केवी राजू ने कहा कि वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार ने विशेष 'एफडीआई, फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इंडिया 500 कंपनियों की निवेश प्रोत्साहन नीति 2023' घोषित की है। प्रमुख इकोनॉमिक जोन और एक्सप्रेसवे व कॉरिडोर के पास उपलब्ध 46,000 एकड़ के भूमि बैंक के बारे में बताया। यामानशी हाइड्रोजन कंपनी के प्रेसिडेंट हिरोकी नाकाजवा और निप्रो कॉर्पोरेशन के ग्लोबल बिजनेस डिविजन मैनेजर ताकुया मियाताके ने अपने प्रस्तुतिकरण दिए।



जापान में टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में यूपी में निवेश को लेकर जापान के निवेशकों संग वर्चुअल संवाद किया। -सूचना विभाग